प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

61 नर्सरी उत्पादकों ने लिया 15–दिवसीय प्रशिक्षण, कुलपति ने व्यवसाय से जुड़ने का किया आह्वान

पंतनगर। 14 नवम्बर 2026। कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट की ओर से नैनीताल जिले के नर्सरी उत्पादकों के लिए आयोजित 15–दिवसीय पौध प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समेटी, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में हुआ। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 61 नर्सरी उत्पादकों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एस.के. कश्यप रहे। इस दौरान निदेशक प्रसार शिक्षा डा. सी. तेवारी एवं ग्राम प्रधान श्री हरगोविंद सिंह रावत उपस्थित रहे। समापन सत्र से पूर्व प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय के उद्यान अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया।

प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों ने नर्सरी प्रबंधन, पौध प्रवर्धन तकनीक, पौध संरक्षण, अभिलेख संधारण, हाईटेक नर्सरी, टिश्यू कल्चर, विपणन एवं सरकारी योजनाओं पर 28 व्याख्यान दिए। प्रशिक्षण हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया। यह जानकारी प्रशिक्षण सह–समन्वयक डा. दीपाली तेवारी पांडेय ने दी। केवीके प्रभारी डा. संजय चौधरी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। निदेशक प्रसार शिक्षा डा. सी. तेवारी ने गुणवत्तायुक्त उद्यानिकी रोपण सामग्री के उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि इससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और विदेशी पौध सामग्री से प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

मुख्य अतिथि कुलपति डा. एस.के. कश्यप ने नर्सरी उत्पादकों से नर्सरी व्यवसाय को लाभकारी उद्यम के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे कृषक समुदाय की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। प्रशिक्षण के अंतर्गत एचआरसी पंतनगर, सीआईटीएच मुक्तेश्वर तथा एनबीपीजीआर भोवाली का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। भ्रमण डा. राकेश मेर के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। अंत में डा. बी.डी. सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



निदेशक संचार